भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2116

उत्तर देने की तारीख: 12.05.2016

संयुक्त प्रवेश परीक्षा में विसंगतियां

2116. डा॰ के॰ पी॰ रामालिंगमः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि 2000 से भी अधिक केन्द्रों पर दस लाख से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा में भाग लिया;
(ख) क्या यह सच है कि शिक्षकों ने इस वर्ष के प्रश्न-पत्र में भी विसंगतियों का पता लगाया है; और
(ग) क्या यह भी सच है कि कई प्रश्नों के कई उत्तर थे और कुछ प्रश्नों के अनुरूप उत्तर ही नहीं थे, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क): जेईई (मुख्य) - 2016 प्रश्न-पत्र आधारित परीक्षा के लिए 10,22,869 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए और जिनमें से 9,74,229 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया जिसके लिए 1,817 केन्द्र स्थापित किए गए थे।

(ख): प्रश्न पत्र बनाने वालों द्वारा तैयार 'उत्तर की कुंजी' (Answer-Key) सुझाव आमंत्रित करने के लिए सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई थी। विशेषज्ञों से प्राप्त सुझावों की जांच की गई और 'उत्तर-कुंजी' (Answer-Key) संशोधित की गई।

(ग): विषय-विशेषज्ञों का यह मत है कि भौतिक-शास्त्र के दो प्रश्नों के दो सही उत्तर थे। जेईई (मुख्य) - 2016 के प्रश्न-पत्र में रसायन-शास्त्र में तीन प्रश्न और गणित में एक प्रश्न का उत्तर अनुरूप नहीं था। विषय विशेषज्ञों की सिफारिशों के अनुसार, जेईई (मुख्य) - 2016 का परिणाम संशोधित 'कुंजी' (Key) के अनुसार तैयार किया गया था।

*****